# मानव सेवा ट्रस्ट (रजि.)
## (मानवता की सेवा में सैदव अग्रसर)

जैसा कि आप जानते हैं कि सोनीपत शहर के विकास में मानव सेवा ट्रस्ट का भी योगदान है। इस पत्र के द्वारा हम आपको इस संस्था की गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देना चाहते हैं।

मानव सेवा ट्रस्ट एक स्वयंसेवी संस्था है और सोसायटी एक्ट के अंतर्गत रजिस्टर्ड है। इसकी स्थापना 1981 में हुई थी और तब से यह संस्था मानव की सेवा में जुटकर सोनीपत निवासियों की सेवा कर रही है। संस्था को Income Tax विभाग से 80 G प्राप्त है जिस के अर्न्तगत दानी की राशि पर Income TaX माफ है। अपने लक्ष्य "मानवता की सेवा ही ईश्वरीय सेवा है" को सामने रखकर इस संस्था ने अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं जिनका विवरण हम यहां देना चाहते हैः–

## मानव सेवा प्याऊ

लगभग दो लाख रुपये की लागत से सोनीपत बस स्टैण्ड पर एक प्याऊ खोली गई जिसमें दो बड़े कूलर लगाए गए हैं। ग्रीष्म ऋतु में लगभग 10000 यात्री प्रतिदिन अपनी प्यास बुझाते हैं। संस्था की ओर से स्थायी रूप में एक वाटरमैन रखा गया है जो 24 घंटे वहीं रहता है।

## मानव सेवा पुस्तकालय

शहर में अच्छे पुस्तकालय के अभाव को देखते हुए संस्था ने माडल टाऊन में बटन फेक्ट्री के सामने एक भव्य पुस्तकालय का निर्माण किया है। इस पर तीन लाख रुपये से भी ज्यादा की लागत आई है। इसमें अनेक प्रकार की धार्मिक एवं साहित्सिक पुस्तकें रखी गई हैं जिनसे काफी संख्या में सभी वर्गो के लोग अपना आध्यात्मिक विकास करके इसका लाभ उठाते हैं। पुस्तकों के अतिरिक्त पुस्तकालय में हर प्रकार के समाचार–पत्र व मैगजीन रखी जाती है, जिससे हर वर्ग के लोग इससे निशुल्क लाभ उठाते हैं।

# मानव सेवा बुक बैंक

इस योजना के अधीन संस्था ने लगभग 50 हजार रुपये मूल्य की किताबें गरीब बच्चों को बांटी और हर वर्ष ये किताबें उनसे लेकर अन्य जरूरतमंद बच्चों की दी जाती हैं। जिनसे पिछली किताबें ली जाती हैं उनको अगली कक्षा की किताबें दी जाती हैं और हर वर्ष लगभग 10 हजार रुपये की नई किताबें खरीदी जाती हैं। इसके अतिरिक्त समय–समय पर गरीब बच्चों को स्कूल की वर्दी भी बांटी जाती है और किसी विशेष स्थिति में विधवाओं की हर प्रकार से मदद भी की जाती हैं।

# सामुदायिक केन्द्र

सोनीपत की डबल स्टोरी, रूप नगर, पंचशील कॉलोनी, चमन नगर, राजीव नगर आदि श्रमिक कालोनियों में कोई ऐसा स्थान न था जहां इन कालोनियों के निवासी सुख–दुख में एकत्रित हो सकें। इस कमी को देखते हुए मानव सेवा ट्रस्ट (रजि.) के सदस्यों ने दिन–रात परिश्रम कर के आठ लाख की लागत से एक सामुदायिक केन्द्र बनवाया जो मानव सेवा हाल के नाम से प्रसिद्ध है। अब इस केन्द्र से न केवल कमजोर वर्ग के लोग लाभ उठाते हैं बल्कि सोनीपत का हर निवासी जरुरत पड़ने पर इस हाल का लाभ उठा सकता है।

# बच्चों के पार्क

श्रमिकों की कॉलोनी में बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर जन–हितैषी लोगों से धन एकत्र करके मानव सेवा ट्रस्ट ने एक लाख रुपये की लागत से बच्चों के दो पार्कों का विस्तार कराया और इन पार्कों को उस समय के डिप्टी कमिश्नर के कर–कमलों द्वारा उद्घाटन कराके बच्चों के खेलने योग्य स्थान का विकास किया।

# शमशान भूमि (मानव सेवा घाट)

मानव सेवा ट्रस्ट के कदम यहीं स्थिर नहीं रहें। (पदाधिकारियों ने अनुभव किया कि 35000 से अधिक की आबादी वाले क्षेत्र के लोगों के लिए ऐसा कोई स्थान होना चाहिए जहां मानव अपनी जीवन यात्रा समाप्त करके विश्राम कर सकें। अभी तक यहॉ के लोग मृतकों की अर्थी अपने कंधे पर उठाकर 5 किलोमीटर गोहाना रोड़ के शमशान स्थल पर ले जाते थे। संस्था ने शादीपुर गांव की पंचायत से सम्पर्क किया और उनसे शमशान भूमि देने के लिए प्रार्थना की और इस प्रकार पंचायत भूमि के टुकड़े को शमशान भूमि के विस्तार हेतु प्राप्त किया। संस्था ने जन हितेषी लोगों से धन एकत्र करके उस समय तीन लाख रुपये की लागत से इस भूमि के टुकड़े पर एक सुन्दर स्थल का विकास किया जो अब मानव–सेवा घाट के नाम से प्रसिद्ध है।

## मानव सेवा प्याऊ (बटन फेक्ट्री)

मानव सेवा ट्रस्ट (रजि.) ने बटन फेक्ट्री के सामने एक पक्की प्याऊ जोकि खराब पड़ी हुई थी, चालू कराया है। यह प्याऊ बटन फेक्ट्री ऐसोसियशन ने मानव सेवा ट्रस्ट को सुपर्द कर दिया और इसको चलाने के पूर्व मानव सेवा ट्रस्ट ने प्याऊ के वाटर कनेक्शन, सीवर लाइन, मरम्मत और सफाई आदि पर लगभग 30 हजार रुपये खर्च किये। और अब यह प्याऊ सुचारू रूप से चल रही है। इस प्याऊ पर भी एक बड़े वाटर कूलर की व्यवस्था है।

## मानव सेवा शव वाहन

आवश्यकता पड़ने पर शहर में उस समय एक शव वाहन की कमी थी। इस को पूरा करने के लिए मानव सेवा ट्रस्ट ने एक शव वाहन की व्यवस्था की जिससे सोनीपत की जनता को एक सुविधा प्राप्त हुई।

## Portable Refrigerated Mortuary

गर्मियों में दो दिन तक शव रखने की जरूरत पड़ने पर रोटरी क्लब के सहयोग से एक Portable Refrigerated Mortuary का भी प्रबन्ध किया गया है।

## मेडीकल चैक-अप कैम्प

समय–समय पर मानव सेवा औषधालय के सौजन्य से सोनीपत के नागरिकों के लिए भिन्न–भिन्न प्रकार के निशुल्क मेडीकल चैक–अप कैम्पस जैसे मधु (जांच शिविर, ENT जांच शिविर, दांत जांच शिविर, किडनी चैकअप, लीवर चैकअप आदि शिविर) लगाए जाते हैं। प्रत्येक जांच शिविर में 300 से भी अधिक लोग इनसे लाभ उठाते हैं। इन शिविरों के लिए बहुत ही योग्य विशेषज्ञ बुलाए जाते हैं। और इन शिविरों पर प्रतिवर्ष लगभग 25 हजार से 30 हजार रुपये खर्च किये जाते हैं।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि यह संस्था आप लोगों के द्वारा ही चलाई जा रही है, क्योंकि यह संस्था आपके दान पर निर्भर है। इसके पीछे न तो किसी राजनीतिज्ञ का हाथ है ओर न ही कोई ब्यूरोक्रेट इसे आश्रय देता है ये आपकी संस्था है और आपके दान पर निर्भर है और आपके सहयोग से चलाई जा रही है इस पत्र के द्वारा आप सबको धन्यवाद करते हैं कि आप समय–समय पर अपना योगदान देते हैं, और हम आशा करते हैं कि आगे भी अपना योगदान निरन्तर रूप से देतें रहेंगे।

विनितः

**मानव सेवा ट्रस्ट (रजि.)**